बिहार सरकार
सामान्य प्रशासन विभाग
—: : आदेश : :—

आदेश सं०—27/सु0अ0—08—21/2020—सा0प्र0..............पटना—15, दिनांक........../02/2026

मो0 जफर रकीब, बि0प्र0से0, कोटि क्रमांक 41/19, तत्कालीन अपर समाहर्त्ता, कटिहार सम्प्रति सेवानिवृत के विरूद्ध राज्य सूचना आयोग के ज्ञापांक—2099 दिनांक—17.11.2020 द्वारा आयोग में दायर शिकायत वाद संख्या—A8524/2018 श्री उमेश सिंह बनाम प्रथम अपीलीय प्राधिकार—सह—जिला पदाधिकारी, कटिहार—854105/लोक सूचना पदाधिकारी—सह—अपर समाहर्त्ता, कटिहार—854105 में दिनांक—06.11.2020 को पारित आदेश के आलोक में आवेदक को सूचना उपलब्ध कराने में हुए लगभग 03 वर्ष के विलम्ब के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की अपेक्षा के साथ इस विभाग के संज्ञान में लाया गया।

विभागीय पत्रांक—100 दिनांक—05.01.2021 एवं अनुवर्ती स्मार पत्रों द्वारा जिला पदाधिकारी, कटिहार से उक्त के संदर्भ में सुस्पष्ट प्रतिवेदन इस विभाग को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया, जो स्मारोपरांत सम्प्रति अप्राप्त रहा।

सुस्पष्ट प्रतिवेदन अप्राप्त रहने की स्थिति में तथ्यों की समीक्षा सक्षम प्राधिकार द्वारा किया गया। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि मो0 रकीब दिनांक—30.06.2020 को सेवानिवृत हो चुके हैं तथा उनके विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप वर्ष 2018 का है। ऐसी स्थिति में उनके विरूद्ध कार्रवाई बिहार पेंशन नियमावली के नियम 43(बी) के प्रावधानों के तहत कालबाधित है।

समीक्षोपरांत सक्षम प्राधिकार द्वारा मो0 जफर रकीब के विरूद्ध प्रतिवेदित इस आरोप प्रकरण को संचिकास्त करने का निर्णय लिया गया।

अतएव सक्षम प्राधिकार के निर्णयानुसार मो0 जफर रकीब, बि0प्र0से0, कोटि क्रमांक 41/19, तत्कालीन अपर समाहर्त्ता, कटिहार सम्प्रति सेवानिवृत के विरूद्ध प्रतिवेदित इस आरोप प्रकरण को संचिकास्त किया जाता है।

ह०/—
(शालिग्राम पाण्डेय)
सरकार के अवर सचिव।

स्पीड पोस्ट

ज्ञापांक—27/सु0अ0—08—21/2020—सा0प्र0 3819 पटना—15, दिनांक 24/02/2026

प्रतिलिपिः— राज्य सूचना आयोग, बिहार, पटना/जिला पदाधिकारी, कटिहार/ मो0 जफर रकीब, बि0प्र0से0, कोटि क्रमांक 41/19, तत्कालीन अपर समाहर्त्ता, कटिहार सम्प्रति सेवानिवृत पत्राचार का पता—सिपाही टोला, छोट मस्जिद के पीछे, हसन कालोनी रोज कॉटेज, पो0—पूर्णियां, थाना—के0 हाट, जिला पूर्णियां पिन 854301/अवर सचिव, प्रभारी प्रशाखा—12 एवं 14, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना एवं आई0टी0 मैनेजर (वेब साईट पर अपलोड हेतु), सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

23.02.26

सरकार के अवर सचिव।